Need to construct a weir at Badalpur in Anand Parliamentary Constituency-laid

श्री मितेश पटेल **(**बकाभाई**) (**आणंद**) :** मेरे लोक सभा मत क्षेत्र आनंद मे खंभात और बोरसद के कई विस्तार मे किसानो की जमीन समुद्र का पानी महिसागर नदी के रास्ते वापिस आने के कारण खारी हो रही है । इन विस्तारों में नदी के किनारे के गाँव काफी प्रभावित हैं । ऐसे ही समुद्र का पानी आना जारी रहा तो आने वाले 20 वर्षों के बाद ये जमीने बंजर हो सकती है एवं किसानों को तबाह कर सकती हैं । महिसागर नदी में बदलपुर गाँव में वियर (जल अवरोधक) बनाने से कई किसानो की जमीन को खारा होने से बचाया जा सकता है । मेरा जलशक्ति मंत्रालय एवं किसान कल्याण मंत्रालय अनुरोध है कि बदलपुर में वियर (जल अवरोधक) बनाने हेतु अपने स्तर पर उचित कदम उठाएँ ।